मंडी

## सहजपुर मटर मंडी में 2 दिन रही बंपर आवक, रेट भी गिरे

# गर्मी बढ़ने से मटर की तुड़ाई हुई तेज





**नवभारत, जबलपुर।** इस वर्ष मौसम ने ऐसी करवट ली कि फरवरी माह के मध्य से ही गर्मी का एहसास होने लगा। वहीं तेज धूप के कारण गर्मी के दिनों की आहट भी तेज हो गई थी, इसके चलते मार्च महीने तक आने वाला मटर अब अपने अंतिम पायदान पर पहुंच चुका है। फरवरी माह से ही पड़ने वाली गर्मी के कारण खेतों में मटर की फसल सूखने लगी, जिसके कारण किसानों ने मटर की तुड़ाई तेज कर दी है। जिसे बेचने के लिए किसान मंडियों में पहुंच रहे हैं, सहजपुर मटर मंडी में विगत दो दिनों से मटर की बंपर आवक रही। जिसके कारण किसानों को अपने मटर का उचित दाम नहीं मिल रहा है।

### 9 से 13 रुपए तक बिका मटर

लगातार आ रही बंपर आवक के कारण मटर के रेट 10 से भी काम हो गए हैं। सहजपुर मटर मंडी में होली तक लगातार आवक बनी रही। जिसके चलते मटर का भाव 9 रुपए प्रति किलो से 13 रुपए प्रति किलो तक रहा, जिससे किसानों के चेहरे पर मायूसी दिखाई दी। किसानों को कहना है कि इस वर्ष मटर के भाव काफी कम रहे, जिसके कारण उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### बेचने की बजाय बीज बनाने लगे किसान

बढ़ती गर्मी से मटर की फसल सूखने लगी है, वहीं मंडियों में भी उचित नाम न मिलने के कारण किसान काफी परेशान है। कई किसानों ने बताया कि उन्होंने मटर को ऐसे ही छोड़ दिया है। जिनका थोड़ा बहुत मटर बचा हुआ है,वह उसे तुड़वाने की बजाय सुखा रहे हैं। इसके बाद वह उस मटर का बीज बनाएंगे और अगले वर्ष फिर फसल बोने में उसका उपयोग करेंगे।

## दीपक अवस्थी व ज्ञानेन्द्र बघेल सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त

**जबलपुर।** स्टेट बार काउंसिल चुनाव की कमेटी ने अधिवक्ता दीपक अवस्थी एवं ज्ञानेन्द्र सिंह बघेल को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है।इसके अलावा कमेटी ने चुनाव से संबंधित अन्य कार्यों के संचालन के लिए अधिवक्ता प्रशांत दुबे को सचिव नियुक्त किया है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित हाई.पॉवर्ड इलेक्शन कमेटी के चेयरमैन जस्टिस प्रितिंकर दिवाकर की अध्यक्षता वाली कमेटी चुनाव करा रही है। कमेटी में पूर्व न्यायाधीश केके त्रिवेदी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ सदस्य के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। जस्टिस एसके पालो चुनाव अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। विगत 27 फरवरी को चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई है। अब 16 मार्च को प्रारम्भिक मतदाता सूची का प्रकाशन कर 24 मार्च तक आपत्तियां बुलाई जाएंगी। आपत्तियों के निराकरण करने के बाद एक अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची जारी होगी। आठ से 10 अप्रैल तक उम्मीदवार अपने नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 20 अप्रैल से 22 अप्रैल की शाम 4 बजे तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद 22 अप्रैल की शाम 5 बजे उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की जायेगी। 12 मई को मतदान होगा और फिर 16 जून से वोटों की गिनती शुरू होगी।



# धुरेड़ी पर बंद रहे बाजार, उड़े रंग गुलाल


▸ गांव में जोरों पर फाग गायन कार्यक्रम

**नवभारत,बेलखाडू।** सोमवार को रात्रि में होलिका दहन के पश्चात मंगलवार का दिन ग्रहण में बीता। बुधवार को धुरेड़ी के दिन लोगों ने अपने प्रतिष्ठान पूर्णतः बंद रखे। इस दिन बच्चों व युवाओं ने जमकर रंगों की होली खेली दूसरी ओर लोगों ने एक दूसरे को गुलाल, टीका लगाकर उत्साह पूर्वक होली की बधाईयां दीं साथ ही जिन परिवारों में शोक व्याप्त हुआ था उनके यहां सांत्वना देने व गुलाल लगाने बड़ी संख्या में ग्रामवासी घरों में पहुंचे।

बेलखाडू में इन्हीं शोकाकुल परिवारों में मोहास सहित आस पास के ग्रामों की गायन मंडली का फाग गायन कार्यक्रम अनेकों घरों में जोरों पर सुबह से रात तक चलता रहा। गांव में पंचमी तक होली त्यौहार लगातार चलता रहेगा। क्षेत्र में शांति, भाईचारे से त्यौहार बीता दूसरी ओर पुलिस बल गश्त करता रहा। गुरूवार को भाई दूज पर्व पर बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर मिष्ठान खिलाए और भाइयों को आशीर्वाद दिया।

# 4 अपर आयुक्तों को अलग-अलग संभागों की कमान

▸ वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में वसूली के लिए बड़े अधिकारी भी हैं तैयार



**नवभारत, जबलपुर।** वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति में अब मात्र एक माह शेष बचा है। नगर निगम के राजस्व लक्ष्यों को समय सीमा में पूरा करने के लिए निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। संभागों में बकाया बड़ी धनराशि को देखते हुए निगमायुक्त ने समस्त 4 अपर आयुक्तों को अलग-अलग संभागों की कमान सौंपी है, जबकि अरविंद शाह को इस पूरी मुहिम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। राजस्व वसूली में तेजी लाने के लिए संभागों का आवंटन क्रमशः क्रमशः देवेन्द्र सिंह चौहान को संभाग क्रमांक 1, 2, 3, एवं 4, अंजू सिंह ठाकुर को संभाग क्रमांक 7, 9, 10, एवं 15, विद्यानंद बाजपेयी को संभाग क्रमांक 8, 12, 13, एवं 16 तथा मनोज श्रीवास्तव को संभाग क्रमांक 5, 6, 11, एवं 14 के लिए नियुक्त किया गया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि अपर आयुक्त उन करदाताओं से व्यक्तिगत रूप से संपर्क करेंगे जिनका बकाया 50 हजार रुपये से अधिक है और ऐसे करदाता जिन्होंने पिछले 3 से 4 वर्षों से टैक्स जमा नहीं किया है, उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। वसूली के लिए प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसकी हर शाम समीक्षा की जाएगी। यदि करदाता सहयोग नहीं करते हैं, तो वसूली के लिए भवन शाखा, अतिक्रमण दस्ता और अग्निशमन दल का भी सहयोग भी लिया जाएगा।

## कीटनाशक पीने से बुजुर्ग की मौत

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अंतर्गत छेड़ी बरौदा में कीटनाशक दवा पीने से बुजुर्ग की मौत हो गई । पुलिस के मुताबिक गुरूवार को अमित कुशवाहा 23 वर्ष निवासी छेड़ी बरौदा ने सूचना दी कि वह खेती किसानी करता है उसके पिता गुड्डा कुशवाहा ने घर में शराब की बोतल रखी थी उसके पास में ही कीटनाशक की दवाई रखी थी। दरम्यानी रात में शराब के नशे में शराब न पीकर कीटनाशक दवाई पी लिये थे जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरानगुड्डा कुशवाहा 63 वर्ष की मौत हो गई।

# पेट्रोल पंप में बदमाशों ने मचाया उपद्रव

कर्मी को चाकू लेकर दौड़ाया

**नवभारत, जबलपुर।** बरेला स्थित पेट्रोल पंप में बदमाशों ने उपद्रव मचाते हुए पंप कर्मी को चाकू लेकर दौड़ा दिया। पेट्रोल मशीन को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की।

पुलिस के मुताबिक सुखई राम यादव 48 वर्ष निवासी ग्राम पुरवा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अंजली पेट्रोल पम्प बरेला में वाहन में पेट्रोल डीजल भरने का काम करता है शाम लगभग 7-30 बजे वह एवं उसका साथी यशोदा बरकड़े दोनों पेट्रोल पम्प पर ड्यूटी पर था उसी समय एक मोटर सायकल में तीन सौरभ साहू, अहफाज खान एवं 1 अन्य लड़का जिसे वह नहीं जानता है तीनों आये सौरभ साहू उससे 100 रूपये का पेट्रोल डालने के लिये कहा तो उसने 100 रूपये का पेट्रोल भर दिया उसने पेट्रोल के पैसे मांगे तो तीनों उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो झूमाझपटी करने लगे, सौरभ साहू ने हाथ मुक्कों से मारपीट की अहफाज खान चाकू निकालकर हमला करने के लिये दौड़ा तो वह भाग कर आफिस के अंदर चला गया, तीनों जान से मारने की धमकी देते हुये पेट्रोल डालने वाली मशीन नुकसान पहुँचाने की कोशिश किये और भाग गए।

# बहन के प्रेमी का भाई ने किया कत्ल

▸ मझोली पडुआ पिपरिया में वारदात, परिजनों ने किया चकाजाम



**नवभारत, जबलपुर।** मझोली पडुआ पिपरिया में खूनी होली खेली खेली गई। बहन के प्रेमी का भाई ने कुल्हाडी से वार कर कत्ल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गया। वारदात से आक्रोशित परिजनों ने चकाजाम किया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक ग्राम खबरा निवासी सुंदर सिंह उर्फ बड्डा गौड़ (50) ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब 1:45 बजे उनके छोटे बेटे अंजय ने खेत पर आकर सूचना दी कि पडुआ पिपरिया में भाई अर्जुन पर मयंक सेन ने कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया है। घायल अर्जुन को तत्काल शासकीय अस्पताल मझोली ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक 24 वर्षीय युवक अर्जुन उर्फ अज्जू सिंह के सिर पर कुल्हाड़ी के गहरे घाव होने के कारण अत्यधिक रक्तस्राव मौत का कारण बना। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, एफएसएल टीम मौके पर पहुंच गई और छानबीन शुरू कर दी । थाना प्रभारी नेहरू सिंह खण्डाते ने बताया कि आरोपी मयंक सेन के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई कि मृतक आरोपी की बहन से प्रेम करता था। होली पर्व पर वे घर के बाहर खड़ा था जिस पर मयंक की नजर पड़ गई इसके बाद दोनों के बीच में विवाद हुआ जो इतना बढ़ गया कि मयंक ने अज्जू पर ताबड़तोड़ कुल्हाडी से वार कर उसकी हत्या कर दी और फरार हो गया था।

# पाटन में खूनी संघर्ष : पानी की बोतल और चिप्स को लेकर दो पक्ष भिड़े

**नवभारत, जबलपुर।** पाटन अंतर्गत चौधरी मोहल्ला में पानी की बोतल और चिप्स के विवाद पर दो पक्ष भिड़ गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लाठी-डंडों और राड से हमला किया, जिसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि चौधरी मोहल्ला निवासी चंद चौधरी (56) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि धनीराम और रोहित चौधरी उसकी दुकान पर आए और बिना पैसे दिए पानी की बोतल मांगने लगे। पैसे मांगने पर उन्होंने मारपीट की। मामला तब और बिगड़ गया जब थोड़ी देर बाद सोनू, शिवम, सागर और नितिन चौधरी ने घर में घुसकर चंद चौधरी पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में उनके सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। आरोपियों ने जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। वहीं,श दूसरी ओर से शिवम चौधरी (23) ने शिकायत दर्ज कराई कि वह अपने दोस्तों के साथ दुकान पर सामान लेने गया था। दुकानदार के बेटे विट्ठल ने गाली-गलौज शुरू कर दी और चंद चौधरी ने डंडे से उसके सिर पर वार किया। बीच-बचाव करने आई शिवम की मां गीता बाई, भाई नितिन और दोस्तों पर भी विट्ठल और दस्सू ने पत्थरों से हमला किया, जिससे उन्हें चोटें आई हैं।

# पुलिस ने 44 शराब तस्करों को दबोचा



▸ यातायात नियम तोड़ने वाले 76 पर भी कार्रवाई

**नवभारत,जबलपुर।** शहर लेकर ग्रामीण अंचल की पुलिस ने शराब तस्करों पर कार्रवाई की। बीते तीन दिन में अवैध शराब के कारोबार में 44 तस्करों को गिरफ्तार किया जिनके कब्जे से 35 बॉटल एवं 595 पाव देशी, अंग्रेजी, 57 लीटर कच्ची शराब जप्त की गई। इसके अलावा चैकिंग प्वाइंट लगाकर यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 76 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 56हजार 600 रूपये समन शुल्क वसूला गया।

## गांजा तस्कर पकड़ाया

क्राइम ब्रांच व पनागर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर गांजा तस्कर को दबोचा है। टीआई विपिन ताम्रकार ने बताया कि ग्राम सकरी में घेराबंदी कर महेन्द्र पुरी गोस्वामी 35 वर्ष निवासी ग्राम सकरी को पकड़ा गया। जब पुलिस ने उसके पास मौजूद झोले की तलाशी ली, तो उसमें 600 ग्राम गांजा कीमत लगभग 30 हजार रुपये का रखा मिला। एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है कि वह यह नशीला पदार्थ कहाँ से लाया था और किन इलाकों में इसकी सप्लाई करने वाला था।

## विजय कांग्रेस जिला महासचिव नियुक्त



**नवभारत,पनागर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की स्वीकृति पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, ग्रामीण, संजय यादव द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ता विजय यादव को जिला कांग्रेस कमेटी में जिला महासचिव नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राधेश्याम चौबे, वीरेंद्र चौबे, राजेंद्र यादव, राजेंद्र पटेल, डॉ संजय नायडू, मनोज पटेल, दाऊ, महेंद्र उपाध्याय, कालूराम यादव,जगन्नाथ रजक, लक्ष्मण गोटिया, गोलू तिवारी, अनूप मिश्रा,संदीप शर्मा, मिलन पटेल, दिनेश बैरागी, डॉ प्रकाश यादव, गुड्डू मामा, दिलीप यादव, लक्ष्मण कुशवाहा, विमल साहू,बंटी ठाकुर, पुष्पेंद्र यादव, अभिषेक यादव शेकू, आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## डॉ. वीवी श्रीवास्तव का निधन



**जबलपुर, नवभारत।** नेपियर टाउन निवासी वरिष्ठ शल्य चिकित्सक और विक्टोरिया अस्पताल के पूर्व सीएमओ डॉ. वीवी श्रीवास्तव का 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुरुवार को गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# व्यापारी के घर पथराव, खिड़कियों के कांच फूटे

**नवभारत, जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत गंगासागर कोष्टा मोहल्ला में शराब के लिए पैसे मांगने और मना करने पर व्यापारी के साथ बदमाशों ने मारपीट कर उसके घर पर पथराव का कर दिया। जिससे खिड़कियों के कांच फूट गए। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार गंगासागर निवासी देवेश कुमार भांगरे (42) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे केमिकल और प्लाईवुड व्यापारी हैं। बीती रात टिकरी टोला निवासी सिद्धू झारिया, झिंगा झारिया, निखिल पटेल और प्रिंस ने उनसे शराब के लिए पैसों की मांग की। मना करने पर विवाद शुरू कर दिया । इसी दौरान धनंजय चक्रवर्ती भी वहां पहुंच गया। विवाद बढ़ने पर आरोपी सिद्धू झारिया ने व्यापारी को चांटा मार दिया और सभी ने मिलकर घर पर पत्थर फेंके, जिससे खिड़कियों के कांच टूट गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।


**NASHIK MUNICIPAL CORPORATION, NASHIK**

**E-Tender Cell Department**

**Notice No. 67 (Year 2025-26)**

E-Tender Notice Regarding the **PWD Department 1 work** of Nashik Municipal Corporation Nashik. vide E-Tender Notice No.67 (Year 2025-26) invites bids for which will be displayed on the website www.mahatenders.gov.in. from Dt.04/03/2026 to Dt.02/04/2026 up to 17.30 pm Last date for acceptance of tender will be Dt.02/04/2026.

**Note -** All further necessary notices/clarifications will be published on the online website.

जनसंपर्क/जा.क्र/४७८/२०२६
दि.४/३/२०२६

Sd/-
Executive Engineer
E-Tender Cell
Nashik Municipal Corporation

गोदा प्रदुषण टाळा, भविष्य संभाळा.



**पश्चिम मध्य रेल**

**विद्युत (सामान्य शाखा) खुली निविदा**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यों हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है। **निविदा सूचना क्रमांक** : निविदा सूचना क्र. जबल-एल-टी-न 42-2025 R दिनांक 18.02.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : (1) CORE बिल्डिंग और (ii) GM बिल्डिंग और PREM बिल्डिंग में एयर कंडीशनिंग प्लांट की व्यवस्था, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रूपये में)** : Rs. 65414465.26, **निविदा फार्म की कीमत (रुपये में)** : 0.00, **कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदा जा सकता है।** : वरि मंडल विद्युत अभियंता /सामान्य/जबलपुर, **बयाना राशि रुपये** : Rs 477100.00, **समापन अवधि (माह/वर्ष)** : 06 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक)** : 12/03/2026, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे तक)** : 12/03/2026, **निविदा सूचना क्रमांक** : निविदा सूचना क्र जबल-एल-टी-न 61-2025 दिनांक 23.02.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : (1) मौजूदा श्रेणी "सी" आरटीजेड स्टेशन के इनडोर और आउटडोर गियर को विद्युत उपकरणों से बदलना, साथ ही एस एंड टी सेवा भवन को आयु-सह-स्थिति के आधार पर बदलना (ii) मुख्यालय/डबल्यूसीआर में पीसीएसटीई सम्मेलन हॉल और जोनल आपदा कक्ष में सुविधाओं का संवर्धन और उन्नयन करना, और (iii) एचडीयू-एनएसडबल्यूपी स्टेशन के बीच डबल लाइन पर. जिसमें तीसरी लाइन भी शामिल है. आईबीएस का प्रावधान करना।, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रूपये में)** : 1818001.74, **निविदा फार्म की कीमत (रुपये में)** : 0.00, **कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदा जा सकता है।** : वरि.मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/जबलपुर, **बयाना राशि रुपये** : Rs 36400.00, **समापन अवधि (माह/वर्ष)** : 06 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक)** : 17/03/2026, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे तक)** : 17/03/2026 निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेव साइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेव साइट से डाउन लोड की जा सकती है।

(हस्ता.)
वरि मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग**

पंचम तल, मेट्रो प्लाजा, ई-5, अरेरा कालोनी, बिट्टन मार्केट, भोपाल-462016
फोन-0755 -2463585,2430154, फैक्स-0755 -4004137
वेबसाईट: www.mperc.in ई-मेल: secretary@mperc.nic.in

कमांक: मप्रविनिआ/डी(टी)/2026/365 दिनांक : 05.03.2026

**सार्वजनिक सूचना**

एमबी पावर (मध्य प्रदेश) लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अपने थर्मल पावर प्रोजेक्ट अनुपपुर, मध्य प्रदेश के लिए आयोग के 28.02.2025 और 27.11.2025 दिनांकित आदेश से अवधारित उत्पादन टैरिफ और अनुपूरक प्रभार के सत्यापन के लिए याचिका दायर की है। यह याचिका विद्युत अधिनियम 2003 धारा 62 तथा धारा 86 (1)ए के एफ जीडी सिस्टम के लिए सहपठित मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (उत्पादन टैरिफ के अवधारण सम्बन्धी निबंधन एवं शर्तें) विनियमन, 2024 के तहत दायर की गई है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आयोग द्वारा अवधारित एएफसी के सत्यापन हेतु दावा किए गए वार्षिक स्थायी प्रभार का विवरण निम्नानुसार है।

(रूपये करोड़ में राशि)

| विवरण | आयोग के 28.02.2025 दिनांकित आदेश के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए एएफसी का अवधारण | याचिकाकर्ता के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए एएफसी का दावा | सत्यापन राशि |
|---|---|---|---|
| अंश पूंजी पर प्रतिलाभ | 345.54 | 462.18 | 116.64 |
| अवमूल्यन/अवक्षयण | 398.06 | 398.73 | 0.67 |
| ऋण पर ब्याज | 268.92 | 236.05 | -32.87 |
| प्रचालन और संधारण व्यय | 317.34 | 399.46 | 82.12 |
| कार्यशील पूंजी पर ब्याज | 105.17 | 107.92 | 2.75 |
| **कुल वार्षिक स्थायी प्रभार** | **1435.03** | **1604.34** | **169.31** |
| कम : गैर-टैरिफ आय | -2.50 | -1.33 | 1.17 |
| **शुद्ध वार्षिक स्थायी प्रभार** | **1432.53** | **1603.02** | **170.49** |
| **शुद्ध वार्षिक स्थायी प्रभार (अनुबंधित क्षमता के लिए)** | 429.76 | 480.91 | 51.15 |

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आयोग के अवधारित अनुपूरक प्रभार के सत्यापन हेतु दावा किए गए वार्षिक अनुपूरक (एफ जीडी क्षमता के लिए )स्थायी प्रभार का विवरण निम्नानुसार है :

(रूपये करोड़ में राशि)

| विवरण | आयोग के 27.11.2025 दिनांकित के अनुसार वार्षिक अनुपूरक क्षमता प्रभार अवधारण अवधि 01.06.2024 से 31.03.2025 के लिए | याचिकाकर्ता के द्वारा अवधि 01.06.2024 से 31.03.2025 के लिए वार्षिक अनुपूरक क्षमता (स्थायी)प्रभार का दावा | सत्यापन राशि |
|---|---|---|---|
| अंश पूंजी पर प्रतिलाभ | 27.32 | 38.17 | 10.85 |
| अवमूल्यन/अवक्षयण | 42.38 | 44.18 | 1.8 |
| ऋण पर ब्याज | 58.42 | 61.36 | 2.94 |
| प्रचालन और संधारण व्यय | 14.71 | 15.91 | 1.2 |
| कार्यशील पूंजी पर ब्याज | 3.44 | 3.59 | 0.15 |
| **वार्षिक अनुपूरक स्थायी प्रभार** | **146.28** | **163.34** | **17.06** |
| **वार्षिक अनुपूरक स्थायी प्रभार एमपीपीएमसीएल शेयर 30: के लिए** | **43.88** | **49.00** | **5.12** |
| संचालित दिनों की संख्या | 304 | 304 | 304 |
| **संचालित दिनों की संख्या के लिए अनुपूरक स्थायी प्रभार** | 36.55 | 40.81 | 4.26 |

आयोग ने याचिका को स्वीकार कर इसे **याचिका संख्या 04/2026** के रूप में दर्ज किया हैं।

इस संबंध में आपत्ति/टिप्पणी /सुझाव देने के इच्छुक व्यक्ति उनके तथ्यों की पुष्टि में दस्तावेजों और साक्ष्यों की प्रतियों के साथ अपने मोबाइल नंबर एवं ईमेल आई.डी. सहित अपनी आपत्ति/टिप्पणी/सुझाव सीधे सचिव, म.प्र विद्युत नियामक आयोग, ''मेट्रोप्लाजा'', तल- 5, ई-5, अरेरा कॉलोनी, बिट्टन मार्केट, भोपाल -462016 को इस प्रकार भेज दें की इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से **21 दिनों** के अंदर आयोग कार्यालय पहुँच जाए। इसकी एक प्रति निदेशक एमबी पावर (मध्य प्रदेश) लिमिटेड, 239, ओखला इंडस्ट्रियल एस्टेट फेज -III, नई दिल्ली 110020 को भी भेज दें। आपत्तियों/टिप्पणियों/सुझावों की अग्रिम प्रति को फैक्स अथवा ई-मेल से भी भेजा जा सकता हैं। किसी शपथ पत्र की आवश्यकता नहीं है।

इच्छुक व्यक्ति याचिका (अंग्रेजी संस्करण) की प्रति कार्य दिवस में पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 4:00 बजे तक आयोग कार्यालय या एमबीपीएमपीएल 239, ओखला इंडस्ट्रियल एस्टेटफेज - III, नई दिल्ली 110020 से प्राप्त कर सकते है। इसके लिए 200 रू. नकद या किसी अनुसूचित बैंक का 200 रू. का डिमाण्ड ड्राफ्टएमपीईआरसी के नाम भोपाल में देय या एमबी पावर (मध्य प्रदेश) लिमिटेडके नाम से नई दिल्ली में देय देना होगा। याचिका की प्रति 50 रू. अतिरिक्त डाक शुल्क भुगतान कर डाक से भी प्राप्त की जा सकती है। यह याचिका आयोग की वेबसाइट www.mperc.in पर भी उपलब्ध है।

इस प्रकरण में जन सुनवाई का आयोजन (हाईब्रिड मोड) दिनांक **07.04.2026** को प्रातः **12:00** बजे किया जायेगा। ऐसे व्यक्ति जिन्होंने निर्धारित समय सीमा में अपने लिखित आपत्ति/टिप्पणी/सुझाव प्रस्तुत किये हैं, उनके मोबाईल नम्बर एवं ई-मेल आई.डी. पर उक्त जन सुनवाई हेतु आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध गाईडलाईन्स के अनुसार उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु सूचना दी जायेगी।

**आयोग के आदेशानुसार**
**(संजय कुमार बघेल)**
**प्रभारी सचिव**


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57